कैबिनेट के फैसले

# एथेनॉल का खरीद मूल्य बढ़ाया किसानों-मिलों को मिलेगी राहत

नई दिल्ली। सरकार ने एथेनॉल के खरीद मूल्य में बढ़ोतरी की है। प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने मंगलवार को दिसंबर से शुरू होने वाले नए चीनी सत्र के लिए एथनॉल के दाम बढ़ाए हैं, जो अगले एक साल तक लागू रहेंगे। इस कदम से गन्ना किसानों और चीनी मिलों को काफी राहत मिलेगी।

कैबिनेट ने सी-हैवी शीरे से निकलने वाले एथेनॉल का मूल्य 43.46 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 43.75 रुपये प्रति लीटर और बी-हैवी शीरे से निकलने वाले एथॅनॉल का भाव 52.43 रुपये से बढ़ाकर 54.27 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। इसके अलावा गन्ने के रस, चीनी, चीनी सिरप से तैयार किए जाने वाले एथेनॉल का भाव 59.48 रुपये प्रति लीटर तय किया गया है। एथेनॉल की खरीद खुदरा बाजार में पेट्रोल-डीजल बेचने वाली सरकारी तेल कंपनियां करती हैं। सरकार ने कहा है कि



एथेनॉल के बढ़े हुए दाम चीनी सत्र 2019-20 के लिए होंगे, जो 1 दिसंबर 2019 से 30 नवंबर 2020 तक लागू रहेंगे। इस कदम से चीनी मिलों को अतिरिक्त पूंजी मिलेगी जिसका इस्तेमाल किसानों का बकाया चुकाने में हो सकेगा।

**आयात बिल के रूप में बचेंगे 70 अरब :** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि एथेनॉल का इस्तेमाल पेट्रोल में मिश्रण के लिए किया जाएगा। इससे प्रति लीटर 1.84 रुपये की कमी आएगी और देश का आयात बिल घटाकर 1 अरब डॉलर यानी 70 अरब रुपये की सालाना बचत की जा सकेगी। सरकारी तेल कंपनियां चीनी मिलों से बढ़ी हुई दरों पर एथेनॉल खरीदेंगी। ब्यूरो

Amar Ujala
4/9/2019